प्रथम सत्र, 2019
का प्रथम शुक्रवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार,

## माघ 26, शक संवत्, 1940

## ( दिनांक : 15 फरवरी 2019 )

## नत्थी 'क'

### अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| **श्रीमती ममता राकेश**<br>**30.1.2019** | " क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में स्थापित समस्त उद्योगों/संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों को श्रम कानून के अन्तर्गत न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है? यदि नहीं, तो सरकार राज्य में स्थापित उद्योगों/संस्थानों में गरीब श्रमिकों का शोषण रोकने के लिए क्या कारगर कदम उठायेगी? | **श्रम** |
| **श्री देशराज कर्णवाल**<br>**30.1.2019** | " क्या आयुष मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2010 से प्रदेश में आयुष चिकित्सकों (बी0ए0एम0एस0) की तैनाती नहीं की जा रही है जिस कारण सैकड़ों आयुष चिकित्सक बेराजगार हैं एवं आयुर्वेदिक अस्पताल बन्द हैं? क्या यह सत्य है कि आयुर्वेदिक फार्मासिस्टों की नियुक्ति की जा रही है? यदि हॉ, तो उक्त अस्पतालों में बिना चिकित्सकों के फार्मासिस्टों की तैनाती का क्या औचित्य है? क्या सरकार जनहित एवं पर्वतीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवायें बेहतर करने हेतु आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति करेगी? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | **आयुष** |

# तारांकित
## नत्थी 'ख'

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.12.2018 | '1 क्या कृषि मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि राज्य में ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार संचालित की जा रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगें कि यह योजना राज्य के किन–किन जिलों में संचालित की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.12.2018 | '2 क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करगें कि राज्य में किन–किन जनपदों में पॉलीहाउस की स्थापना की गयी है? क्या गरीब/अनुसूचित जाति, जनजाति के कृषकों को इसमें रियायती दर पर छूट दी जा रही है अथवा नहीं? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>31.12.2018 | '3 क्या कृषि मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेगें कि राज्य के किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना (एस0एच0सी0) उपलब्ध करा दिये गये है तथा इस योजना के अन्तर्गत किसानों को क्या–क्या लाभ प्राप्त होते हैं? | कृषि |
| श्रीमती ममता राकेश<br>01.1.2019 | चतुर्थ सोमवार के तारांकित–10 में स्थानान्तरित।<br>'4. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद हरिद्वार विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में स्थित उद्योगों से निकलने वाले दूषित पानी एवं अपशिष्ट के निस्तारण हेतु ड्रेनेज की कोई व्यवस्था की गई है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त व्यवस्था को किस प्रकार संचालित किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री करन माहरा<br>07.01.2019 | '5 क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2016–17 में कुल कितने बारों को स्वीकृति प्रदान की गई? क्या इन सभी बारों को लाईसेंस निर्गत कर दिये गये हैं? यदि हॉ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |
| श्री मनोज रावत<br>14.01.2019 | '6. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के कुछ जिलों या विकास खण्डों को जैविक जिला या विकास खण्ड घोषित किया गया है? यदि हां, तो कितने जिलों और विकास खण्डों को जैविक जिला या विकास खण्ड घोषित किया गया है? इन घोषित जैविक जिलों और ब्लाकों में रासायनिक खादों का प्रयोग न करने हेतु नियमावली बनाई गई हैं? जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण हेतु राज्य में कितने केन्द्र बने हैं? | कृषि |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>15.01.2019 | '7. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान समय में कुल कृषि भूमि का कितना भाग पर्वतीय क्षेत्रों में बंजर भूमि के रूप में है तथा मैदानी क्षेत्रों में कृषि भूमि का कितना भाग अन्य प्रयोजनों हेतु दिया जा रहा है, इसका तत्सम्बन्धित पूर्ण विवरण क्या है? क्या सरकार बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाने हेतु कोई नीति बना रही है तथा कृषि योग्य भूमि को बचाने हेतु क्या प्रयास कर रही है? यदि हां, तो क्या और कैसे? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>16.1.2019 | ′8 क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कितने अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों के कुल कितने गॉवों को ′स्पेशल कम्पोनेन्ट योजना′ के तहत पेयजल सुविधा से जोड़ा गया है तथा कुल कितने अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव अभी तक इस सुविधा से वंचित है? क्या सरकार छूट गये सभी अनुसूचित जाति बाहुल्य गॉवों को शीघ्र यह सुविधा का लाभ देगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>17.01.2019 | ′9 क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि विश्व बैंक ने रूपये 700 करोड़ की लागत से उत्तराखण्ड एकीकृत औद्यानिक विकास परियोजना की स्वीकृति दी है जिसका क्रियान्वयन राज्य के चार जिलों में किया जाएगा? यदि हॉ, तो किन चार जिलों का चयन किया गया है? इन चयनित जिलों में उक्त परियोजना के अन्तर्गत किस प्रकार के कार्य कब से प्रारम्भ किये जायेंगे? | कृषि |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>18.01.2019 | ′10 क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय की आई0एम0आई0एस0 वेबसाइट के अनुसार यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र में ऐसे ग्रामीण बस्तियों और तोकों की संख्या 173 है जहां पर 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से कम पानी उपलब्ध हो रहा है? यदि हॉ, तो ऐसी भीषण जल समस्या से पीड़ित गांवो यथा–जुलेड़ी, परिन्दा, कर्थी कोठार, गहली, ढोस आगढाली में पेयजल योजनाओं के विस्तृत प्राक्कलन कब तक तैयार होंगे एवं कब तक स्वीकृत होंगे तथा इनके क्रियान्वयन और उक्त प्रयोजनार्थ राशि अवमुक्त किये जाने की विभाग की क्या कार्य योजना है? | पेयजल |
| श्रीमती ऋतु खण्डूडी भूषण<br>18.01.2019 | ′11 क्या कृषि मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि किसानों की आय दोगुना करने और पलायन को रोकने के लिये ′′मैं एक गांव हूँ′′ नामक योजना तैयार की गयी है? यदि हॉ, तो इस योजना में किस प्रकार के कार्य किये जायेंगे? वर्ष 2018–19 में इस योजना का क्रियान्वयन कितने गांवों में किया जाना प्रस्तावित है? इस योजना का बजट वर्ष 2018–19 के लिये कितनी राशि का है? इस योजना में यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्र के कुल कितने गांवों को लिये जाने का प्रस्ताव है? | कृषि |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>21.01.2019 | विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।<br>′12 क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि पहाड़ों में पेयजल के स्रोत दिन प्रतिदिन सूखते जा रहे है? ग्रेविटी वाले पेयजल योजना के मुख्य स्रोतों के रख रखाव के लिए सरकार क्या कोई ऐसी योजना बना रही है जिससे समस्त उत्तराखण्ड के पेयजल स्रोतों को बचाया जाय व सूखे हुए स्रोतों को पुनर्जीवित किया जाये? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>24.01.2019 | '13. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' पॉलिसी के मानक क्या–क्या हैं और सम्बन्धित बीमा योजना लागू होने से अब तक प्रदेश में जनपदवार कितने किसानों से कितनी–कितनी बीमा राशि की कटौती की गई है और कितने किसानों को इस योजना का लाभ अब तक प्राप्त हुआ है एवं उसका वर्षवार/जनपदवार विवरण क्या है? क्या मंत्री जी की जानकारी में है कि सम्बन्धित पॉलिसी किसानों के द्वारा लिए जाने वाले ऋण से जुड़ी होने के कारण इसका पूरा पूरा लाभ उनकी पूरी फसल के प्रति उन्हें नहीं मिल पा रहा है जिससे किसान इस पॉलिसी के प्रति हुई कटौती को किसान टैक्स के रूप में देखते हैं? क्या मंत्री जी इस योजना में सुधार लाने के लिए केन्द्र सरकार को लिखेगें? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>25.01.2019 | '14. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के कृषकों की वर्ष 2022 तक सरकार द्वारा आय दोगुना किये जाने का लक्ष्य रखा गया है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि कृषकों की आय दोगुना किये जाने हेतु सरकार द्वारा क्या–क्या उपाय किये जा रहे हैं? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि अब तक इस दिशा में कौन–कौन से कार्यक्रम आयोजित/संचालित किये गये, जिससे कृषकों की आय में वृद्धि हो रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30.01.2019 | '15 क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कृषि और उद्यान विभागों का एकीकरण किये जाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? क्या यह सत्य है कि दोनो विभागों के कर्मचारियो द्वारा एकीकरण का भारी विरोध किया जा रहा है? क्या सरकार बतायेगी कि कृषि और उद्यान विभाग के संरचनात्मक ढांचें का एकीकरण होगा? क्या कार्मिकों की पदोन्नति आदि विषयों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा? ऐसी स्थिति से बचने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.12.2018 | 1. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जल स्रोत सवंर्धन तथा संरक्षण आदि से रोजगार सृजन के प्रयासों में वृद्धि हुई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.12.2018 | 2. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि शराब की ओवर रेट रोकने हेतु विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? क्या उपभोक्ताओं की दर्ज शिकायतों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नवीन चन्द्र दुम्का<br>03.01.2019 | 3. क्या पेयजल मंत्री बतायेंगे कि जल संस्थान के ठेका श्रमिकों को भुगतान नगद दिया जाता है या चेक से? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि अकुशल श्रमिकों को प्रतिदिन कितना परिश्रमिक अनुमन्य है? इन श्रमिकों को साप्ताहिक/राष्ट्रीय अवकाश अनुमन्य है? | पेयजल |
| श्री नवीन चन्द्र दुम्का<br>03.01.2019 | 4. क्या पेयजल मंत्री इस तथ्य से अवगत है कि जल संस्थान में ठेका श्रमिक से कार्य लिया जाता है? यदि हाॅ, तो नैनीताल जल संस्थान क्षेत्र में कौन–कौन ठेकेदार पंजीकृत है? क्या उक्त ठेकेदार शासनादेश के अनुरूप श्रमिकों को पारिश्रमिक का भुगतान करते है? | पेयजल |
| श्री करन माहरा<br>07.01.2019 | 5. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शासन द्वारा ''भुजान–रानीखेत पेयजल पंम्पिंग योजना'' जिसका पी0 1 स्वीकृत है उसकी अद्यतन स्थिति क्या है? क्या सरकार भुजान नामक स्थान से अन्य कोई और योजना भी प्रस्तावित कर रही है? सरकार ''भुजान– रानीखेत पंम्पिग योजना'' हेतु धनराशि कब तक आवंटित कर रही है? यदि हॉ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री करन माहरा<br>07.01.2019 | 6. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017–18 में फ्रैड्स बार अल्मोड़ा, वर्ष 2013 में क्लब बार रानीखेत व वर्ष 2015–16 में वाईल्ड फ्लेवर बार रूद्रपुर, उधमसिंह नगर में इन 3 बारो में छापा डाला गया? इन तीन बारों में क्या –क्या अनियमिततायें पाई गई? क्या इन तीन बारों के विरूद्ध एक समान कार्यवाही की जायेगी? यदि हॉ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.01.2019 | 7. क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सहकारी क्षेत्र की चीनी मिलों की हालत सुधारने एवं उत्पादन क्षमता बढ़ाने हेतु सरकार कोई योजना बना रही है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.01.2019 | 8. क्या वाणिज्य मंत्री अवगत है कि प्रदेश में जी0एस0टी0 लागू होने के बाद सरकार द्वारा व्यापारियों को जी0एस0टी0 दरों में कोई रियायत दी गई है? क्या सरकार द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु कोई योजना बनाई गई है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वाणिज्य |
| श्री गणेश जोशी<br>10.01.2019 | 9. क्या कृषि मंत्री अवगत है कि पारम्परिक पर्वतीय कृषि उत्पादों एवं नकदी फसलों को प्रोत्साहन देते हुए कोल्ड स्टोरेज व छोटी मण्डियों का निर्माण कराया जाए तो राज्य के पर्वतीय क्षेत्र से हो रहे पलायन में कमी आऐगी और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि सरकार द्वारा मसूरी विधानसभा क्षेत्र के पर्वतीय गांव सुवाखोली/बुराखखण्डा में कृषि उत्पादों के बढ़ावे एवं रोजगार सृजन हेतु छोटी मण्डी खोलने तथा कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था की जायेगी? यदि हॉ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 10.01.2019 | 10 क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा जल एवं सीवर संयोजनों के उपभोक्ताओं को आनलाइन भुगतान करने की सुविधा प्रदान करने हेतु सरकार की क्या योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल 11.01.2019 | 11. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के कृषकों तथा बेरोजगार नवयुवकों को कृषि की आधुनिक तकनीकी बारीकियों, उन्नत बीजों तथा फसलों की गुणवत्ता की जानकारी देने हेतु सरकार उक्त क्षेत्र में कृषि केन्द्र स्थापित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल 11.01.2019 | 12. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार सातवें वेतन आयोग की संस्तुति के आधार पर सचिवालय भत्ता एवं पर्वतीय विकास भत्ते को बढाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं? | वित्त |
| श्री खजान दास 11.01.2019 | **द्वितीय बुधवार के अतारांकित–23 में स्थानान्तरित।** 13. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि देहरादून के प्रिंस चौक क्षेत्र में बारिश के कारण सीवर लाईन चोक हो जाती है तथा प्रिस चौक के आस पास का क्षेत्र पानी से भर जाता है जिस कारण सड़कों पर आवागमन पूर्णतः बन्द हो जाता है तथा कई बार वाहन पानी में डूब जाते हैं ? मेरे द्वारा लम्बे समय से प्रिंस चौक क्षेत्र से पानी की निकासी हेतु मांग की जा रही है किन्तु अब तक भी शासन द्वारा प्रिंस चौक क्षेत्र से पानी/सीवर की निकासी हेतु किसी योजना को स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है ? क्या सरकार देहरादून के प्रिंस चौक क्षेत्र से पानी/सीवर की निकासी के लिए स्थाई समाधान किये जाने हेतु किसी दीर्धकालीन योजना की स्वीकृति प्रदान करेगी अथवा नहीं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल 14.01.2019 | 14. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में ''जनधन योजना'' के अन्तर्गत कितने बैंक खाते खोले गये है? क्या इन खाता धारकों की जीवन बीमा कवर अथवा स्वास्थ्य बीमा कवर की सुविधा दी गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्री खजान दास 14.01.219 | **द्वितीय बुधवार के अतारांकित–24 में स्थानान्तरित।** 15. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि राजधानी क्षेत्र देहरादून के गांधी रोड एवं आस–पास के क्षेत्रों में बिछाई गई सीवर लाइने काफी पुरानी एवं जर्जर अवस्था में है जिसके कारण आये दिन देहरादून की मुख्य सड़कों में सीवर खुले में बहता रहता है? देहरादून वासियों द्वारा लम्बे समय से गांधी रोड आदि मुख्य बाजारों में नई सीवर लाईन डाले जाने की मॅाग की जा रही है किन्तु अब तक भी गांधी रोड आदि मुख्य बाजारों में नई सीवर लाईन की स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है? क्या सरकार देहरादून के गांधी रोड आदि मुख्य बाजारों में सीवर समस्या के समाधान हेतु दीर्घकालीन सीवर योजना की स्वीकृति प्रदान करेगी अथवा नहीं? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.01.2019 | 16. क्या कृषि शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में कृषि को प्रोत्साहित करने एवं कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार कृषि शिक्षा हेतु जनपद हरिद्वार में कृषि विश्वविद्यालय खोलने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>15.01.2019 | 17. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा के अर्न्तगत ऐसे कौन–कौन से गांव हैं जिनमें आतिथि तक जलापूर्ति नहीं हो पा रही है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत कराने का कष्ट करेगें कि कब तक उक्त गॉवों को पेयजल की सुविधा दी जायेगी? क्या सरकार उक्त गॉवों में जला पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु कोई विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>15.01.2019 | 18. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के जड़ी–बूटी शोध संस्थान में स्वीकृत सभी पदों पर पदों के सापेक्ष नियुक्तियां कर दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.01.2019 | 19. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि राज्य को माह मई, 2017 में खुले में शौच की प्रथा से मुक्त घोषित किया जा चुका है लेकिन कुछ लोग आज भी झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत खुले में शौच करते है? इस पर रोक हेतु सरकार द्वारा क्या कोई कार्यवाही की जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>17.01.2019 | 20. क्या स्टाम्प एवं निबन्धन मंत्री अवगत है कि  स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग में कुल कितने पद रिक्त है? क्या विभाग द्वारा उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन प्रेषित कर दिया गया है? क्या उक्त सभी पदों पर नियुक्तियां कर दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्टाम्प एवं निबन्धन |
| हाजी फुरकान अहमद<br>17.01.2019 | 21. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र पिरान कलियर के अन्तर्गत पुराने हैण्ड पम्प क्षतिग्रस्त है? यदि हॉ तो क्या सरकार क्षतिग्रस्त हैण्ड पम्पों को ठीक कराने तथा नये हैण्ड पम्प लगाने पर विचार करेगी? यदि हॉ तो, कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.01.2019 | 22. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जैविक खेती के लिए कौन–कौन से कृषि क्षेत्र चिन्हित किये गये है तथा उक्त क्षेत्रों में कितना जैविक खाद्यान्नों का उत्पादन होता है? यदि नहीं, तो क्या सरकार जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहन राशि देने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.01.2019 | **23.** क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड मुख्यालय थत्यूड़ (जौनपुर) में स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधियों के द्वारा लम्बे समय से किसी राष्ट्रीष्यकृत बैंक की शाखा खुलवाने की मांग की जा रही है? क्या यह सत्य है कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा थत्यूड (जौनपुर) में पर्याप्त स्टॉफ न होने तथा सभी सरकारी/गैर सरकारी तथा जनता के अन्य अत्यधिक खातों के होने के कारण जनता को बैंक सम्बन्धी कार्यो के समय पर निस्तारण न होने से भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार स्थानीय जनता की मांग तथा जनता को सुविधा दिलाने हेतु थत्यूड (जौनपुर) टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खुलवायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.01.2019 | **24.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अर्न्तगत पट्टी सकलाना में आनन्द चौक पम्पिग पेयजल योजना निर्माण की घोषणा मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा पूर्व में की गई थी? क्या यह सत्य है कि उक्त घोषणा के क्रम में इस महत्वपूर्ण व आवश्यक योजना पर अब तक क्या–क्या कार्यवाही की गई है? पेयजल समस्या के निदान हेतु आनन्द चौक पम्पिग पेयजल योजना का निर्माण कब तक प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>18.01.2019 | **25.** क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ब्राहमण थाला में पेयजल समस्या बनी हुई है? यदि हां, तो क्या सरकार ब्राहमण थाला हेतु नई पेयजल योजना बनाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>21.01.2019 | **26.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत पानी की कमी के कारण हैण्ड पम्पों की मॉग की गयी है? विधान सभा लोहाघाट में कुल कितने हैण्ड पम्प लगे हैं, वर्तमान में कुल कितने हैण्ड पम्प कार्य कर रहे है और कुल कितने हैण्ड पम्प बन्द पड़े हैं? क्या सरकार बन्द पड़े हैण्ड पम्पों को ठीक करवायेगी तथा पेयजल की कमी को देखते हुए नये हैण्ड पम्प लगायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>21.01.2019 | **27.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद चमोली के बण्ड क्षेत्र (पीपल कोटी) के तारतोली बिरही नामक स्थान पर मंडवा अनुसंधान केन्द्र खोलने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>21.01.2019 | **28.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण जिलों में निवास कर रहे कृषकों को स्वरोजगार मुहैया कराने हेतु लोहारगिरी एवं बढ़ई से संबंधित कार्यों के लिए राज्य सरकार द्वारा कोई अनुदान तथा सामान उपलब्ध कराया जा रहा है अथवा नहीं? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>22.01.2019 | 29. क्या पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत कितनी योजनाओं पर कार्य पूर्ण किया जा चुका है और कितनी योजनाओं पर कार्य लम्बित है और इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कितनी धनराशि प्राप्त हुई है ? | पेयजल |
| श्री मनोज रावत<br>23.01.2019 | विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।<br>30. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में जिलेवार कुल कितनी पेयजल योजनाओं का अनुरक्षण (मेंटिनेन्स) जल संस्थान, जल निगम या अन्य सरकारी संस्थान के द्वारा व कितनी पेयजल योजनाओं का अनुरक्षण ग्राम सभाओं द्वारा किया जाता है? इन विभिन्न योजनाओं की लंबाई कितनी है? राज्य में जल संस्थान द्वारा अनुरक्षित (मेंटेन) की जा रही पेयजल योजनाओं को प्रतिवर्ष अनुरक्षण याने मेंटिनेंस के लिए जिलेवार विभिन्न मदों में कितना धन दिया जाता है? क्या ग्रामसभाओं को हस्तांतरित की गई योजनाओं के अनुरक्षण याने मेंटिनेस हेतु धन की व्यवस्था के लिए कोई नीति/नियम या शासनादेश है? यदि हां, तो ग्राम पंचायतों की पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण हेतु कितना धन जिलेवार दिया गया है? क्या मंत्री जी संबंधित दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे? | पेयजल |
| श्री मनोज रावत<br>23.01.2019 | 31. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के गम्भीर पेयजल संकट वाले क्षेत्रों का सर्वे कर चयनीकरण किया गया है ? यदि हां, तो क्या इन गंभीर पेयजल समस्या से जूझ रहे क्षेत्रों को पेयजल की समस्या से निदान दिलाने के लिए सरकार ने कोई सार्थक रणनीति बनाई है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि रूद्रप्रयाग जिले की ग्रामसभा मालखी के राजस्व ग्राम खाल्यों, मणगू ग्राम सभा के बंण्डी तोक और रूमसी ग्राम सभा के स्यालडोभा, थरला व गबनी तोकों, दशज्यूला के थपलगांव, बौंरा तथा तल्ला नागपुर के कुछ गांवों को पेयजल संकट से उबारने की लिए कोई रणनीति बनाई है ? क्या मंत्री जी पेयजल संकट के जूझ रहे क्षेत्रों से संबंधित दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>23.01.2019 | 32. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में एकीकृत आदर्श कृषि ग्राम योजना के अन्तर्गत कौन–कौन सी योजनाऐं संचालित की जा रही है? इस योजना में एक ग्राम में कितने किसानों को सम्मिलित किया जाऐगा तथा इसमें क्या–क्या कार्य सम्पादित किये जायेंगे? मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि यह योजना कितने वर्षों के लिए प्रस्तावित है? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>23.01.2019 | 33. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ थेंग एच00वी0 पेयजल योजना के निर्माण के सन्दर्भ में मुख्य अभियन्ता पेयजल निगम द्वारा अपने पत्रांक 895/अप्रैल चमोली/42 दिनांक 25.08.2017 को मुख्य अभियन्ता राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन को पत्र दिया गया था? यदि हां, तो उक्त सन्दर्भ में क्या कार्यवाही की गयी? क्या उक्त योजना को एन0आर0डी0डब्लू पी0, एस0सी0पी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत तकनीकी परीक्षण के उपरान्त कुल कितनी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति की मांग की गयी? क्या उक्त राशि को निर्गत कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>24.01.2019 | 34. क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बाजपुर को–आपरेटिव शुगर फैक्ट्री की दयनीय हालत में सुधार लाने के लिए सरकार प्लान्ट एण्ड मशीनरी का नवीनीकरण किए जाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो योजना क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>24.01.2019 | 35. क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गत किस–किस वर्ष का गन्ना मूल्य किन चीनी मिलों में शेष है? सरकार के बार–बार निर्देश देने के बाद भी किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान न करने वाली चीनी मिलों के विरूद्ध क्या सरकार कोई कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यो? | गन्ना विकास एवं चीना उद्योग |
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>25.01.2019 | 36. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अर्न्तगत विकासखण्ड़ जौनपुर के काण्डी पम्पिंग योजना निर्माण के लिए मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा घोषणा की गई थी? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त पम्पिंग योजना निर्माण का कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नही, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>25.01.2019 | 37. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत अति आवश्यक व मांग वाले क्षेत्र ग्राम कटखेत, ग्राम बगोन, धमाड़ी, गैर नगुण वि.ख. थौलधार तथाा ग्राम मैड मल्ला वि.ख. जौनपुर टिहरी गढ़वाल में प्राथमिकता के आधार पर हैण्डपम्प स्थापित कराने हेतु अधिसासी अभियन्ता उत्तराखण्ड़ जल संस्थान टिहरी गढ़वाल को पत्रांक–1123/हैण्डपम्प/2018 दिनांक 24.07.2018 के द्वारा निर्देशित किया गया था? यदि हां, तो अति पेयजल समस्या ग्रस्त उक्त स्थानों पर हैण्डपम्प स्थापित कराये जायेगें? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पवांर<br>25.01.2019 | 38. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत ग्राम पचांयत सैंजी विकासखण्ड जौनपुर जनपद टिहरी गढ़वाल की पेयजल योजना 40–45 वर्ष पुरानी तथा लगभग 04 किमी0 लम्बी है? क्या यह सत्य है कि उक्त योजना क्षतिग्रस्त व जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हैं? क्या यह भी सत्य है कि पेयजल योजना क्षतिग्रस्त होने तथा गांव की आबादी बढ़ने तथा गांव की आवादी का विस्तार हो जाने के फलस्वरूप ग्रामीण को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है? क्या सरकार उक्त योजना का पुनर्गठन करायेगी? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.01.2019 | 39. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जल संस्थान में अभियंताओं, सहायक अभियंताओं तथा अन्य विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के कितने पद रिक्त चल रहे है? यदि हां, तो कब तक रिक्त पदों पर भर्ती की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>25.01.2019 | 40. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ के गंगा रैणी में पेयजल संकट बना हुआ है? यदि हां, तो क्या सरकार ने इसके लिए कोई कार्ययोजना तैयार की है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>31.12.2018 | 41. क्या वित्त मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत तीन विकास खण्ड (लोहाघाट, पाटी व बाराकोट) आते हैं, जिनका विकासखण्ड लोहाघाट मुख्य केन्द्र है और क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ी विधान सभा होने के बाद भी यहां पर रजिस्ट्रार ऑफिस नहीं है, लोहाघाट में रजिस्ट्री ऑफिस खोलने हेतु लोगों द्वारा काफी लम्बे समय से मांग की जा रही है? क्या सरकार लोगों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए, लोहाघाट में एक रजिस्ट्रार ऑफिस की स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |